**प्रेस नोट**

**जनपद सोनभद्र**

**दिनांकः- 13.09.2023**

**एसओजी ,थाना करमा पुलिस व आबकारी विभाग सोनभद्र की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता, 02 नफर अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, 01 अदद DCM ट्रक से 656 पेटी में 5840 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (अनुमानित कीमत 55 लाख रूपये) बरामद-**

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी घोरावल श्री अमित कुमार के निर्देशन में एसओजी/सर्विलांस/आबकारी विभाग व थाना करमा पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा अथक परिश्रम व पूर्ण मनोयोग से आसूचना संजाल तैयार किया गया, दिनांक 12.09.2023 को समय 17.15 बजे जरिये मुखबिर सूचना मिली कि शराब तस्कर एक DCM ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब की एक बड़ी खेप लेकर मीरजापुर से रॉबर्ट्सगंज की तरफ आ रहे हैं , इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त टीम द्वारा भैरोपुर कुचमरवां मोड़ अन्तर्गत ग्राम केकराही (थाना करमा) घेराबंदी कर 01 अदद DCM ट्रक संख्या PB 08EZ 6847 में लोड 656 पेटी में 5840 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब “IMPERIAL BLUE RESERV GRAIN WHISKY FOR SALE IN PUNJAB ONLY” (अनुमानित कीमत 55 लाख रुपये) की बरामदगी मय फर्जी नम्बर प्लेट के की गयी तथा DCM ट्रक चालक सहित 02 नफर अन्तर्राज्जीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना करमा पर मु0अ0सं0-92/2023 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार ट्रक चालक ने पूछताछ में बताया गया कि उक्त वाहन (संख्या-PB 10 HT 2247) मेरा है, जिसका किस्त टूट गया है, किस्त के पैसे देने के लालच में आकर मैंने अपने गाड़ी का नम्बर प्लेट हटा कर फर्जी नम्बर प्लेट PB 08EZ 6847 लगा लिया ताकि मेरी गाड़ी पकड़ी ना जा सके । उक्त वाहन में लदी अवैध अंग्रेजी शराब कुलदीप नाम का व्यक्ति पता अज्ञात मुझे लुधियाना तरनतारन

रोड गुरुद्वारा के पास मिला और वाहन में लोड कराकर बिहार ले जाने हेतु दिया जिसपर मैं अपने साथी के साथ शराब को पंजाब से लेकर रॉबर्ट्सगंज के रास्ते बिहार ले जा रहे था।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. रोहित पुत्र बलजीत सिंह निवासी न्यू मॉडल टाउन अमलोह रोड खन्ना, थाना सिटी-2 खन्ना, जनपद लुधियाना पंजाब उम्र लगभग 35 वर्ष।
2. मनीष पुत्र संजीव कुमार निवासी क्रिश्चन कालोनी अमलोह रोड खन्ना, थाना सिटी-2 खन्ना, जनपद लुधियाना पंजाब उम्र लगभग 27 वर्ष।

**वांछित अभियुक्त-**

01. कुलदीप, पता-अज्ञात।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 656 पेटियों मे कुल 5840 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (अनुमानित कीमत 55 लाख रूपये) बरामद।
2. एक अदद DCM ट्रक संख्या PB 08 EZ 6847।

**गिरफ्तारी /बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम का विवरण:-**

01. निरीक्षक श्री राजेश सिंह, प्रभारी एसओजी/सर्विलांस सेल, जनपद सोनभद्र।
02. प्रभारी निरीक्षक श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र।
03. आबकारी निरीक्षक श्री रबिनन्दन, जनपद सोनभद्र मय टीम।
04.आबकारी निरीक्षक रोहित कुमार, जनपद सोनभद्र मय टीम।
05. उ0नि0 विमलेश कुमार सिंह, थाना करमा, जनपद सोनभद्र।
06. हे0का0 जगदीश मौर्या, हे0का0 शशि प्रताप सिंह, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 सतीश सिंह, का0 रितेश पटेल, का0 प्रेमप्रकाश चौरसिया एसओजी टीम, जनपद सोनभद्र।
07. हे0का0 सौरभ राय, हे0का0 प्रकाश सिंह, का0 अमित कुमार सिंह, सर्विलान्स सेल, जनपद सोनभद्र।
08. हे0का0 कौशलेस सिंह, का0 अल्पित सोनकर, थाना करमा, जनपद सोनभद्र।